बरेली, शनिवार
28 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 26

दैनिक जागरण

PAGE NO, 05 MIDDLE

थिएटर फेस्टिवल : रिद्धिमा कला केंद्र में सात दिवसीय थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष-3 में नाटक मंचन शाम चार बजे।

बरेली, शनिवार
28 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 26

दैनिक जागरण

PAGE NO, 12 MIDDLE RIGHT

मामा के हाथों में कन्या की तस्वीर...

जागरण संवाददाता, बरेली: पर्दे का अंधेरा छटता है। मामा कुर्सी पर बैठे मालिश करा रहे हैं। पंडित उनके लिए रिश्ता लेकर आया है। पंडित मामा को सुंदर कन्या की तस्वीर देता है। तस्वीर पर भांजे की नजर पड़ती है, बूढ़े मामा की दूसरी शादी करने की भनक लगते नाराज होकर भांजा बोरिया बिस्तर के साथ पहली मामी के घर के लिए निकल पड़ता है। लाइट बंद। इस तरह शुक्रवार को एसआरएमएस रिद्धिमा प्रदर्शन एवं ललित कला केंद्र में पड़ोसन एक श्रद्धांजलि नाटक का मंचन शुरू हुआ।

रिद्धिमा मे नाटक का मंचन करते कलाकार •सौ. एसआरएमएस

कला केंद्र में चल रहे इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल के तीसरे दिन राखी व मानव द्वारा निर्देशित यह नाटक साठ के दशक में रिलीज हिंदी फिल्म पड़ोसन के कलाकारों को श्रद्धांजलि है। नाटक आगे बढ़ता है, भांजा (भोला) अपनी मामी के घर में है, और चाय पीते-पीते उसकी नजर बाहर हाथों में झाड़ू थामे इठलाती सुंदर बाला बिंदु पर पड़ती है। बिंदु अपने जन्मदिन पर भोला को गाने के लिए कहती है। भोला गाने अभियन करता है और उनका विद्यापति दीवार में पीछे सुर देता है। अंत में विद्यापति की नाटक मंडली बिंदु का विवाह रोकने को भोला से आत्महत्या का स्वांग करने के लिए कहती है। बिंदु का भोला के प्रति फिर प्रेम जागता और भोला के जीवित होने के साथ पूरा हाल लोगों की तालियों से गूंज उठता है। फाइव एलीमेंट्स थियेटर द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का लेखन अजय चौधरी ने किया। तीसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुदेशिया साईं मंदिर की संरक्षक नीता कुदेशिया रहीं। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा, डा. एलएस मौर्या, डा. अनुज कुमार उपस्थित रहे।

आज का मंचन: इंद्रधनुष-3 थियेटर फेस्टिवल में शनिवार को दास्तान-ए-गुरु नानक का मंचन किया जाएगा।